# कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा अप्रैल 2024 माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

**I. चयन और नियुक्तियों का सारांश:**

i. पीईएसबी, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा 11 (ग्यारह) पदों [मुख्य प्रबंध निदेशक/प्रबंध निदेशक के पद हेतु 05(पांच) और निदेशकों के पद हेतु 06(छह)] के लिए विज्ञापन जारी किए गए थे।

ii. 07 (सात) चयन बैठकें [मुख्य प्रबंध निदेशक/प्रबंध निदेशक के लिए 01 (एक) और निदेशकों के लिए 06 (छह)] आयोजित की गई थीं।

iii. केंद्रीय स्टाफिंग स्कीम के तहत, सचिव के 01 पद, अपर सचिव के 05 पद, संयुक्त सचिव के 12 पद और उप सचिव/निदेशक के 11 पद भरे गए हैं। वर्तमान में, केन्द्रीय स्टाफिंग स्कीम के अंतर्गत, अपर सचिव के 15 पद, संयुक्त सचिव के 33 पद और उप सचिव/निदेशक के स्तर पर 62 पद रिक्त पड़े हैं।

iv. मंत्रिमण्डल नियुक्ति समिति (एसीसी) ने अनुसूची 'क' और 'ख' के विभिन्न सीपीएसई/पीएसबी/एफआई/आरबीआई में 07 मामलों (अर्थात सीएमडी/एमडी/सीईओ/कार्यात्मक निदेशक/डिप्टी गवर्नर) में नियुक्तियों को मंजूरी दी।

v. एसीसी द्वारा विभिन्न अधिकरणों/सांविधिक निकायों/प्राधिकरणों/आयोगों में 02 अध्यक्षों/सदस्यों की नियुक्ति और स्वायत्तशासी निकायों/संस्थानों में मुख्य कार्यपालकों/निदेशकों की 03 नियुक्तियों को अनुमोदित किया गया है।

vi. मंत्रिमण्डल सचिव/एसीसी ने निम्नलिखित प्रस्तावों (उप सचिव/निदेशक स्तर) को अनुमोदन प्रदान किया:

| **विवरण** | **पदों की संख्या** |
|---|---|
| सेवा विस्तार | 03 |
| समय पूर्व प्रत्यावर्तन | 03 |
| पुनर्तैनाती | 01 |

vii. 04 सीवीओ की नियुक्ति और 01 सीवीओ के कार्यकाल के विस्तार और 01 सीवीओ के विवर्जन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई थी।

**II. स्थापना संबंधी मामले**

(क) भारतीय प्रशासनिक सेवा (परिवीक्षाधीन अधिकारियों की अंतिम परीक्षा) विनियम, 1955 को भारत के राजपत्र की दिनांक 05.04.2024 की अधिसूचना के द्वारा संशोधित किया गया है।

(ख) पार्श्विक प्रवेश चक्र 2023-24 के तहत, संयुक्त सचिव/निदेशक/उप सचिव के पदों पर 25 अधिकारियों की संविदा/प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की गई है। अब तक, 20 अधिकारियों ने अपने-अपने मंत्रालयों/विभागों में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

(ग) दिनांक 25 अप्रैल, 2024 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से दिनांक 01.01.2024 से महंगाई भत्ते में वृद्धि के बाद कतिपय भत्तों में 25% तक वृद्धि करने पर स्पष्टीकरण के संबंध में निर्देश जारी किए गए थे।

(घ) राज्य मंत्री (कार्मिक नीति) के अनुमोदन से सीजीएलई-2022 के 5 उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी गई थी।

(ङ) वर्ष 2017 के लिए सीएसएस के एएसओ ग्रेड के लिए अंतिम सामान्य वरिष्ठता सूची जारी की गई थी।

(च) वर्ष 2003 से 2011 के लिए अवर सचिव की चयन सूची की पुन: समीक्षा पूरी कर ली गई है और दिनांक 19-04-2024 को आदेश जारी किए गए।

(छ) डीओपीटी द्वारा दिनांक 16.04.2024 को **कार्मिक नीति के कार्यान्वयन** पर एक दिवसीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया था। सचिव (कार्मिक) और अपर सचिव (कार्मिक) और सीआरडी, डीओपीटी के साथ डीओपीटी, सीबीसी और आईएसटीएम के अन्य स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यशाला में भाग लिया।

(ज) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने माह के दौरान निम्नलिखित सूचना प्रकाशित की-

i. दिनांक 08/04/2024 को संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर की परीक्षा, 2024 के लिए सूचना प्रकाशित की गई थी।

(i) एसएससी ने निम्नलिखित परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए –

i. दिल्ली पुलिस और सीएपीएफ परीक्षा, 2023 में सब-इंस्पेक्टर की भर्ती का अंतिम परिणाम 05/04/2024 को घोषित किया गया था जिसमें नियुक्ति के लिए 1699 पुरुष उम्मीदवारों और 166 महिला उम्मीदवारों की सिफारिश की गई थी।

ii. दिनांक 22/04/2024 को चरण X/2022 चयन पद परीक्षा (स्नातक और उससे ऊपर के स्तर) में जांच के अगले चरण के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा **(सीबीई)** का अतिरिक्त परिणाम -9 घोषित किया गया था**।**

iii. दिनांक 22/04/2024 को चरण X/2022 चयन पद परीक्षा (उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर) में जांच के अगले चरण के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा का अतिरिक्त परिणाम-9 घोषित किया गया था।

iv. चरण X/2022 चयन पद परीक्षा (मैट्रिक स्तर) में अगले स्तर की जांच के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा का अतिरिक्त परिणाम -9 दिनांक 22/04/2024 को घोषित किया गया था।

v. कनिष्ठ सचिवालय सहायक/ अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) 2021 और 2022 के प्रश्न पत्र-I (वर्णनात्मक प्रश्नपत्र) के मूल्यांकन के लिए उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने हेतु कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीई) - प्रश्न पत्र-II का परिणाम, दिनांक 23/04 /2024 को घोषित किया गया था

## III. सतर्कता एवं अन्य संबंधित मामले

i. विभिन्न प्रयोजनों जैसे नियुक्तियों, अंतर-संवर्गीय प्रतिनियुक्ति, स्थानांतरण, परिवीक्षा, भारत से बाहर अध्ययन अवकाश आदि के लिए **05 (पांच) आईएएस अधिकारियों** की सतर्कता निकासी जारी की गई।

ii. केन्द्र में सचिव स्तर के पदों पर पैनल में शामिल करने के लिए 1993 बैच के **02 (दो) आईएएस अधिकारियों** को, अपर सचिव स्तर के पदों पर पैनल में शामिल करने के लिए 1999 बैच के 11 (ग्यारह) आईएएस अधिकारियों को, तथा संयुक्त सचिव स्तर के पदों पर पैनल में शामिल करने के लिए 2008 बैच के 118 (एक सौ अट्ठारह) आईएएस अधिकारियों की सतर्कता निकासी।

## IV. प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण

### (क) सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम)

i. सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम) ने 04 ऑनलाइन/ऑफ़लाइन कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 01 गैर-कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 01 गैर-कैलेंडर पाठ्यक्रम (आईएसटीएम के बाहर) और 13 सीएसएस/सीएसएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 1184 उम्मीदवारों ने भाग लिया।

### (ख) सभी के लिए प्रशिक्षण (टीएफए)

i. इस विभाग ने दिनांक 30.04.2024 को प्रशिक्षक विकास कार्यक्रम (टीडीपी) पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया था। डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम, सदस्य (एचआर), सीबीसी द्वारा प्रमुख संबोधन दिया गया। इस कार्यशाला में टीडीपी पाठ्यक्रम संचालित करने वाले 10 एटीआई, 2 सीटीआईएस (आईएसटीएम और आईआईपीए) के प्रतिनिधियों और इस विभाग द्वारा टीडीपी कार्यक्रम के अन्तर्गत तैयार किए गए प्रमाणित मान्यताप्राप्त प्रशिक्षक (आरटी)/मास्टर ट्रेनर्स (एमटी) ने भाग लिया।

ii. इस कार्यशाला का उद्देश्य टीडीपी पैकेज के विभिन्न घटकों की समीक्षा और अद्यतन करना तथा उन्हें मिशन कर्मयोगी के साथ संरेखित करने के उपाय ईजाद करना था।

iii. सभी समूहों के सुझावों के अनुसार यह सामने आया था कि सभी पाठ्यक्रमों में सुधार करने, नई प्रशिक्षण तकनीकों और अवधारणाओं को शामिल करने और आई-गॉट कर्मयोगी मंच का उपयोग करते हुए ई-सामग्री विकसित करना आवश्यक है। इसके लिए सीटीआई/एटीआई/उद्योगों के साथ सहयोग और एमटी/आरटी की भागीदारी की आवश्यकता होगी।

### (ग) कर्मयोगी भारत

i. कर्मयोगी भारत ने आई-गॉट को हिंदी भाषा में भी प्रस्तुत करके सभी शिक्षार्थियों के लिए अपनी पहुंच का विस्तार किया है। आई-गॉट कर्मयोगी प्लेटफार्म को शिक्षार्थियों के लिए पोर्टल के साथ-साथ मोबाइल पर हिंदी भाषा में उपलब्ध कराया गया है।

ii. अपने संबंधित एमडीओ के साथ शिक्षार्थियों की मैपिंग की सटीकता बढ़ाने और उनके व्यक्ति-विवरणों को अपडेट करने के लिए, यदि आवश्यक हो, तो शिक्षार्थी अपनी प्रोफ़ाइल में अपनी ईमेल आईडी परिवर्तित/अपडेट कर सकते हैं।

iii. आई-गॉट कर्मयोगी वेबसाइट के संशोधित पृष्ठों पर शिक्षार्थियों के दृष्टिकोण और प्रतिक्रिया एकत्र करने के लिए 25 अप्रैल को कर्मयोगी भारत कार्यालय में लर्नर यूआई/यूएक्स कार्यशाला आयोजित की गई थी।

iv. डीओपीटी के ऐडमिन पोर्टल में **"विज्ञापन बनाएं"** नामक एक नई कार्यक्षमता जोड़ी गई है। यह विशेषता वांछित विज्ञापनों को **"कर्मचारियों के लिए सूचना"** के रूप में जोड़ने की सुविधा प्रशासकों को देती है। प्रशासक, विज्ञापन के भीतर ही खण्ड बना सकते हैं, और ये खण्ड कर्मचारी के डैशबोर्ड पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

v. आई-गॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म ने **अप्रैल 2024 में** कुल **1 करोड़ पाठ्यक्रमों का नामांकन और 74 लाख पाठ्यक्रमों को पूर्ण** कर लिया।

vi. आई-गॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म अप्रैल **2024 तक 32,77,967 ऑनबोर्ड शिक्षार्थियों की मेजबानी करता है**। अप्रैल 2024 में कुल 91,642 नए उपयोगकर्ता प्लेटफॉर्म से जुड़े।

vii. अप्रैल 2024 में पाठ्यक्रम पूरा करने वालों की संख्या 7,92,796 थी और 30 अप्रैल 2024 तक पूर्ण हुए समग्र पाठ्यक्रमों की कुल संख्या **74,24,635 थी**।

viii. आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर सक्रिय उपयोगकर्ताओं (एक बार लॉग इन करने वालों) की संख्या **मार्च 2024 में 11.97 लाख से बढ़कर अप्रैल 2024 में 12.89 लाख** हो गई ।

ix. आई-गॉट कर्मयोगी पोर्टल ने **30 अप्रैल 2024 तक** 65.40 करोड़ मिनटों का संचयी अधिगम रिकॉर्ड किया।

x. अप्रैल 2024 में प्लेटफॉर्म पर छत्तीस (36) नए पाठ्यक्रम, 2 क्यूरेटेड कार्यक्रम और 1 मिश्रित कार्यक्रम प्रकाशित किए गए थे। 30 अप्रैल, 2024 तक की स्थिति के अनुसार **प्रकाशित पाठ्यक्रमों की कुल संख्या 1002 थी**।

**(घ) क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी)**

**सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों (सीएसटीआई) की ई-लर्निंग पाठ्यक्रम सृजन क्षमता में सुधार और सुदृढ़ीकरण के संबंध में कार्यशाला:**

सीबीसी ने कर्मयोगी भारत के सहयोग से **16 अप्रैल, 2024** को विज्ञान भवन में एक कार्यशाला "डिजी मंथन" का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य, केंद्रीय सचिवालय प्रशिक्षण संस्थानों (सीएसटीआई) को विकसित किए जाने वाले कम से कम एक पाठ्यक्रम की पहचान करने तथा सीबीसी के साथ पैनलबद्ध ई-लर्निंग की मदद से आई-गॉट पोर्टल पर अपलोड करने में सहायता प्रदान कर के उनकी ई-लर्निंग पाठ्यक्रम सृजन की क्षमता में सुधार करना तथा इसे सुदृढ़ बनाना था।

**भारत की सिविल सेवाओं की क्षमता-विकास संबंधी आवश्यकताओं को समझने के लिए कार्यशाला**- सीबीसी ने भारत की सिविल सेवाओं की क्षमता-विकास संबंधी आवश्यकताओं को समझने के लिए 22-23 अप्रैल, 2024 को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (लबासना) में एक परामर्शी कार्यशाला आयोजित की। इसमें सभी 25 केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों (सीटीआई) के निदेशक और वरिष्ठ संकाय सदस्य, संबंधित संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारियों (संयुक्त सचिव/अपर सचिव) में से प्रत्येक के प्रतिनिधि तथा कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के वरिष्ठ नेतृत्व शामिल थे।

**वार्षिक क्षमता विकास योजना का शुभारंभ:** पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सहयोग से सीबीसी ने **10 अप्रैल, 2024** को अपनी वार्षिक क्षमता विकास योजना (एसीबीपी) का शुभारंभ किया है।

**मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम का शुभारंभ**: 22 अप्रैल, 2024 को, सीबीसी ने पुलिस अकादमियों के लिए एनएससीएसटीआई प्रत्यायन, नागरिक उन्मुखता और आई-गॉट ऑनबोर्डिंग पर पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए डीजीपी, महाराष्ट्र पुलिस के साथ मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम आरंभ किया है।

**कर्मयोगी वार्ता**: **23 अप्रैल, 2024** को आई-गॉट मंच के लिए 'हरित क्रांति से अमृत काल' पर नीति आयोग के सदस्य डॉ. रमेश चंद और सीबीसी के अध्यक्ष, श्री आदिल जैनुलभाई के साथ कर्मयोगी वार्ता का सत्र 2 रिकॉर्ड किया गया है।

**वेबिनार –** सीबीसी ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभागों तथा भारतीय पेटेंट कार्यालय, भारत के लिए **24 अप्रैल, 2024** को डेनिश पेटेंट कार्यालय (डीकेपीटीओ) के सहयोग से एक वेबिनार का आयोजन किया है।

**समझौता ज्ञापन:** सीबीसी और पीरामल फाउंडेशन के बीच **25 अप्रैल, 2024** को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।इस समझौता ज्ञापन के दायरे के अनुसार, यह फाउंडेशन कार्यक्रम समन्वयकों की तैनाती, निगरानी और मूल्यांकन, अधिगम (लर्निंग) और विकास में क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) का सहयोग करेगा।

क्षमता विकास आयोग ने **30 अप्रैल, 2024** को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा आयोजित प्रशिक्षक विकास कार्यक्रम पर आयोजित कार्यशाला में मिशन कर्मयोगी के अनुरूप सीएसटीआई के संकाय सदस्यों की क्षमता विकास के लिए विजन रखा।

**एनएससीएसटीआई के लिए वेब पोर्टल का विमोचन :** एक से अधिक मूल्यांकन-सह-प्रत्यायन संस्था को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त कार्यात्मकताओं के साथ, एक नए, अद्यतन एनएससीएसटीआई पोर्टल को गो-लाइव किया गया।

दिनांक 30.04.2024 तक एनएससीएसटीआई पोर्टल पर समग्र स्थिति :

| **प्रशिक्षण संस्थान** | **पंजीकृत** | **डेस्कटॉप मूल्यांकन पर** | **प्रत्यायन पूर्ण** |
|---|---|---|---|
| सीटीआई | 24 | 1 | 19 |
| एटीआई | 24 | 4 | 1 |
| अन्य सीएसटीआई | 237 | 31 | 82 |
| कुल | 285 | 36 | 102 |

**अप्रैल 2024 में लोक सेवा प्रशिक्षण संस्थानों (सीएसटीआई) के पूर्ण हुए मूल्यांकन और प्रत्यायन:**

| **क्र. सं.** | **संस्थान का नाम** | **ऑनसाइट तिथि** |
|---|---|---|
| 1 | सीमा सुरक्षा बल संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईसीआईटी), नई दिल्ली | 2 और 3 अप्रैल, 2024 |
| 2 | भारतीय रेल सिंगनल इंजीनियरिंग और दूरसंचार संस्थान | 3 और 4 अप्रैल, 2024 |
| 3 | प्रशिक्षण केन्द्र और विद्यालय, बीएसएफ, हजारीबाग | 8 और 9 अप्रैल, 2024 |
| 4 | रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र, सशस्त्र सीमा बल,सुपौल | 9 और 10 अप्रैल, 2024 |
| 5 | सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, बीएसएफ, इंदौर, पो. ऑ | 15 और 16 अप्रैल, 2024 |

| | | |
|---|---|---|
| | बीजासन रोड़, इंदौर (मध्य प्रदेश) | |
| 6 | ओडिशा फॉरेस्ट रेंजर्स कॉलेज | 23 और 24 अप्रैल, 2024 |
| 7 | बीएसएफ अकादमी टेकनपुर | 25 और 26 अप्रैल, 2024 |
| 8 | हाई एलटिट्यूड मेडिकल ट्रैनिंग स्कूल लेह, (जम्मू और कश्मीर) | 29 और 30 अप्रैल, 2024 |

## V. कल्याण मामलें

**i.** ग्वालियर, मध्य प्रदेश में दिनांक 06.04.2024 से 10.02.2024 तक आयोजित 51वीं वरिष्ठ राष्ट्रीय कैरम खेल प्रतियोगिता में सीसीएससीएसबी केन्द्रीय सचिवालय कैरम दल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

**ii.** उदयपुर, राजस्थान में दिनांक 31.03.2024 से 04.02.2024 तक आयोजित छठी हॉली चैस कप (राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता) में सीसीएससीएसबी केन्द्रीय सचिवालय चैस दल ने भाग लिया।

## VI. केंद्रीय सचिवालय में पदोन्नतियां

i. केंद्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा (सीएसएसएस) संवर्ग में निम्नानुसार पदोन्नतियां की गई हैं: 03 पीएसओ, 03 वरिष्ठ पीपीएस और 16 पीपीएस। पीए सीमित विभागीय परीक्षा 2017 की घोषणा के बाद, 29 अर्हित आशुलिपिक ग्रेड 'घ' को चयन सूची वर्ष, 2017 के लिए पीए ग्रेड में नामित किया गया है।

ii. स्तर-I प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु 35 आशुलिपिक ग्रेड 'घ', स्तर-II प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु 35 पीए और स्तर-IV प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु 35 पीपीएस को नामित किया गया है।

iii. 2017 की चयन सूची के लिए वरिष्ठ सचिवालय सहायक (एसएसए) ग्रेड की अंतिम सामान्य वरिष्ठता सूची जारी की गई। चयन सूची 2013-2017 के 165 एसएसए को एनएफएसजी के विचार क्षेत्र में सम्मिलित किया गया।